चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः NEP-2020 Exam/June-2023/8191
दिनांकः 28.08.2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

विषय :– NEP-2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक केवल Minor विषयों का परीक्षा कार्यक्रम।

महोदय/महोदया,

कृपया विश्वविद्यालय पत्र संख्या : NEP-2020 Exam/June-2023/8104, दिनांक 02.08.2023, NEP-2020 Exam/June-2023/8137, दिनांक 11.08.2023, NEP-2020 Exam/June-2023/8148, दिनांक 21.08.2023 एवं NEP-2020 Exam/June-2023/8179, दिनांक 26.08.2023 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा NEP-2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टरों का परीक्षा कार्यक्रम निर्गत किया गया है।

उक्त परीक्षा कार्यक्रम के केवल Minor विषयों का समेकित परीक्षा कार्यक्रम इस पत्र के साथ इस आशय के साथ संलग्न किया जा रहा है कि महाविद्यालय/छात्र इस परीक्षा कार्यक्रम में वर्णित तिथि एवं समय पर ही परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करेंगे। कतिपय Minor विषय जिनका परीक्षा कार्यक्रम निर्गत नहीं किया गया था, को भी इस परीक्षा कार्यक्रम में समाहित किया गया है।

Major एवं Co-curicullar विषयों का परीक्षा कार्यक्रम पत्र संख्या : NEP-2020 Exam/June-2023/8104, दिनांक 02.08.2023 के अनुसार यथावत् रहेगा।

परीक्षा नियत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

01. समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष, NEP-2020 पाठ्यक्रम सम सेमेस्टर परीक्षा (June-2023), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
02. वैयक्तिक सहायक, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ।
04. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
05. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
06. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
07. सहा0 कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)।
08. प्रभारी–अति गोपनीय विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
09. प्रभारी–सामान्य भण्डार/कमेटी सैल/कम्प्यूटर केन्द्र/उत्तर पुस्तिका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूची को छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशन हेतु समाचार पत्रों को निर्गत करने का कष्ट करें।
11. प्रभारी–विश्वविद्यालय वेबसाईट को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उपर्युक्त सन्दर्भित परीक्षा कार्यक्रम को वेबसाईट पर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।
12. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र।
13. विश्वविद्यालय अधिकृत एजेन्सी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
14. प्रभारी–रिकार्ड (परीक्षा) को इस निर्देश के साथ कि उपर्युक्त परीक्षा कार्यक्रम को संरक्षित करते हुए, परीक्षाओं से सम्बन्धित समस्त परीक्षा सामग्री सम्बन्धित महाविद्यालयों/संस्थानों को समय से उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

28/08/23

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)